Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में श्री राकेश कुमार सेठी समयपालक नगर निगम ग्रेटर गैराज शाखा मालवीय नगर लालकोठी जयपुर 5,000/– रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 19 फरवरी बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर चतुर्थ द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री राकेश कुमार सेठी समयपालक नगर निगम ग्रेटर गैराज शाखा मालवीय नगर लालकोठी जयपुर को **5000/– रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–चतुर्थ जयपुर कों एक शिकायत इस आशय की मिली की श्री राकेश कुमार सेठी द्वारा परिवादी से नगर निगम में डम्पर पर चालक लगाने की एवज में 3000/– रूपये प्रतिमाह के हिसाब से रिश्वत राशि मांग रहा है। जिसमें परिवादी के तीन महीने के हिसाब से कुल 9000/– रूपये की रिश्वत राशि आरोपी राकेश सेठी द्वारा मांगी जा रही है। जिसमें से 1500 रूपये सत्यापन के दौरान प्राप्त किये तथा शेष राशि में से एक महिने के पैसे कम करने पर सत्यापन के दौरान 5000/– रूपये में सहमति हुयी थी।

जिस पर एसीबी जयपुर रेंज **के उप महानिरीक्षक पुलिस–द्वितीय श्री राहुल कोटोकी** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञानप्रकाश नवल** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री गम्भीर सिंह** द्वारा मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री राकेश कुमार सेठी समयपालक नगर ग्रेटर गैराज शाखा मालवीय नगर लालकोठी जयपुर को **5000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।